


## www.jaintaran.org वेबसाईट की नियमावली

● www.jaintaran.org विश्व समुदाय के बीच श्री गुरु महाराज तारण स्वामी जी की वाणी के प्रचार–प्रसार के लिए समर्पित रहेगी। ● वेबसाईट का संचालन केंद्र चोपड़ा रहेगा। ● ब्र. श्री आलोक जी तारण शोभापुर के विशिष्ट सहयोग पूर्वक श्री हितेश, परेश जैन सुपुत्र श्री नंदकिशोर देवीलालजी जैन चोपड़ा इस वेबसाईट का स्थायीरूप से संचालन करेंगे । ● अखिल भारत वर्षीय तारण समाज को वेबसाईट से जोड़ने के लिये प्रतिष्ठान आदि के विज्ञापन, वेबसाईट की मर्यादा अनुरूप दिये जायेंगे। ● वेबसाईट के व्यवस्थित रूप से संचालन के लिये निर्देशन समिति का निर्देश मान्य होगा। समिति के निर्णय के बिना वेबसाईट में कोई भी विषय घटाना बढ़ाना संभव नहीं होगा। ● वेबसाईट की निर्देशन समिति में पूज्य बाल ब्र. श्री बसंत जी महाराज, श्रध्देय बाल ब्र. श्री शांतानंद जी महाराज, ब्र. श्री आलोक जी तारण, श्री हितेश जैन (चोपड़ा) रहेंगे। ● वेबसाईट में निरंतर नवीनता बनी रहे इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अखिल भारतीय तारण समाज से स्थानीय चैत्यालयों के परिचय फोटो, धार्मिक, आध्यात्मिक कार्यक्रम के ऑडिओ, वीडिओ सीडी, स्थानीय समाज सेवी, दानी महानुभाव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विशिष्ट सम्मान से सम्मानित प्रतिभाएँ अथवा विशिष्ट व्यक्तियों के परिचय सहित फोटो उपलब्ध कराने की अपेक्षा रहेगी। ● धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों संबंधी जानकारी भेजने के लिये तथा विज्ञापन संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया हितेश जैन चोपड़ा से संपर्क करें।

Mobile : 09860330700 Email - hitesh@jaintaran.org

### हमारे आदरणीय श्रध्देय मार्गदर्शक साधकजन

युवा रत्न श्रद्धेय बाल ब्र. श्री आत्मानंद जी महाराज, श्रद्धेय ब्र. श्री परमानंद जी महाराज, श्रद्धेय ब्र. श्री सुखानंद जी, ब्र. श्री समतानंद जी, ब्र. श्री सुमेरचंद्र जी, बाल ब्र. श्री अरविंद जी, बाल ब्र. श्री राकेश जी तथा साध्वी बहिनें श्रद्धेया ब्र. श्री सुशीला जी, श्रद्धेया ब्र. श्री जिनय श्री जी, बाल ब्र. श्री. सुषमा जी, बाल ब्र. श्री सरला जी, बाल ब्र. श्री रचना जी, ब्र. श्री. किरण जी, ब्र. श्री. मुन्नी जी, ब्र. श्री आशारानी जी, बाल ब्र. श्री. संगीता जी आदि साधकजन ।

### निवेदन

अखिल भारतीय सकल तारण समाज के विचारवान प्रबुद्ध वर्ग श्रेष्ठिजनों एवं सभी साधर्मी महानुभावों से हमारा विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त बिंदुओं के संबंध में आपके पास जो फोटोग्राफ्स और परिचय उपलब्ध हों उसे हमारे पास शीघ्र ही पहुँचायें। आपके सहयोग से वेबसाईट को सर्वांगीण सुन्दर एवं उपयोगी बनाने का हमारा उद्देश्य है।

● पत्र व्यवहार के लिए पता –
**श्री. हितेश नंदकिशोर जी जैन**
६, साईराज पार्क, गणेश कॉलनी, चोपड़ा
जिला जलगाँव (महाराष्ट्र) पिन– ४२५१०७ मोबा.नं. ०९८६०३३०७००
Email - hitesh@jaintaran.org

**प्रकाशक :** सकल तारण समाज, चोपड़ा
संत तारण जयंती महोत्सव दि. १/१२/२०११

ideal chopda 9822552526





www.jaintaran.org.



।। वन्दे श्री गुरु तारणम् ।।

ॐ

## तारण समाज के इतिहास में प्रथम बार

# श्री गुरु तारण स्वामी जी

## की वाणी के प्रचार–प्रसार हेतु

## इंटरनेट पर www.jaintaran.org का



### तारण तरण अतिशय तीर्थक्षेत्र श्री सेमरखेड़ी जी

### बसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर

## शुभारंभ

दिनांक : २८ जनवरी २०१२ शनिवार

आचार्य तारण स्वामी परिचय | तारण साहित्य | तारण तीर्थ दर्शन | तारण चैत्यालय दर्शन

तारण तरण श्री संघ | तारण समाज दर्शन | समर्पित व्यक्तित्व परिचय | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | केलेण्डर

समाचार | मुक्त महाविद्यालय | ऑडियो क्लिप्स | व्हिडियो क्लिप्स | मंदिर विधि | सामाजिक संस्थाएँ | परिणय परिचय

### स्नेहिल शुध्दात्म सत्कार

स्वानुभूति के शिखरों पर पहुँचाने वाली है गुरुवाणी।
चातक,मोर,पपीहा तरसें, भव्य जनों की यही निशानी।।
श्री गुरु तारण तरण देव की, वाणी अमृत सम बरसी है।
ग्रंथ चतुर्दश पथ बतलाते, चलने वाला आत्मरसी है।।
डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट जैन तारण लिख डॉट लगाओ ओआरजी ।
यही वेबसाईट खोलेगी, राज निजातम निर्विकार जी।।
देश विश्व में गूंजेगी गुरुवाणी, आया है ऐसा पावन क्षण।
तारण समाज की वेबसाईट में, आप सभी का अभिनंदन ।।



**प्रेरणास्त्रोत एवं आशीर्वाद**
अध्यात्म रत्न बाल ब्र. प.पू. बसन्त जी महाराज

www.jaintaran.org.




**प्रा**त: स्मरणीय पूज्य गुरुदेव आचार्य प्रवर श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य जी महाराज द्वारा रचित चौदह ग्रंथ रत्न सम्यग्ज्ञान की तेजोमय प्रभा से हम सभी जीवों के आत्म कल्याण का पथ प्रशस्त कर रहे हैं। श्री गुरु महाराज ने जाति-पांति के भेदभाव से परे मानव मात्र के लिये आत्मशांति का मार्ग बतलाया है। इसलिये तारण पंथ एक विराट आध्यात्मिक दृष्टिकोण को लिये हुए विशाल बरगद के वृक्ष की भाँति जीव मात्र के लिये अध्यात्म की शीतल छाया प्रदान करने वाला मोक्षमार्ग है। गुरुदेव की ऐसी जनकल्याणकारी वाणी के विश्व व्यापी प्रचार-प्रसार हेतु आधुनिक समय की सर्वाधिक गतिशील पध्दति इंटरनेट पर तारण समाज के गौरव अध्यात्म रत्न **बाल ब्र. पूज्य श्री बसंत जी महाराज** की प्रेरणा और आशीर्वाद से तारण समाज की वेबसाईट का शुभारंभ किया जा रहा है।

वर्षों से इस कार्य के लिये प्रयास किये जा रहे थे। इस वर्ष यह सौभाग्य महाराष्ट्र प्रांत की **तारण समाज चोपड़ा** जिला जलगाँव को प्राप्त हुआ और शिरपूर से दीपावली के पश्चात् **पूज्य बाल ब्र. श्री बसंत जी महाराज, ब्र. श्री. आलोक जी तारण, बाल ब्र. बहिन श्री उषा जी** के चोपड़ा प्रवास के अंतर्गत समस्त श्री संघ एवं सकल समाज की शुभ भावनाओं के फल स्वरूप अखिल भारतीय तारण समाज की वेबसाईट के शुभारम्भ की प्रक्रिया संपन्न हुई।

प्रसन्नता का विषय यह है कि इस वेबसाईट का निर्माण स्व. सूरजमल तुलाराम जी एवं स्व. श्रीमती लतादेवी जी की स्मृति में श्रीमान् देवीलाल जी, सौ. जमनाबाई जी, सुपुत्री सुश्री सुशीला जी, सुपुत्र श्री नंदकिशोर जी, पौत्र श्री हितेशकुमार जी, सौ. कृपाली, चि. परेशकुमार, प्रपौत्र चि. सोहम एवं समस्त शेठ परिवार चोपड़ा एवं फैजपुर द्वारा किया जा रहा है। इसका संचालन श्री हितेश जैन एवं परेश जैन करेंगे।

इस वेबसाईट द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष एवं विश्व का हर व्यक्ति तारण पंथ, तारण वाणी और समग्र तारण तरण आम्नाय से परिचित, लाभान्वित होगा। वर्तमान में यह वेबसाईट हिंदी भाषा में बनाई गई है। अंग्रेजी भाषा में भी बनाने का निर्णय लिया गया है।

वेबसाईट का नाम - www.jaintaran.org है।

इंटरनेट पर इस वेबसाईट से सभी जीवों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो ऐसी पवित्र भावना है।

| संचालन | विनीत |
|---|---|
| **हितेश जैन** **परेश जैन** | **सकल तारण तरण जैन समाज** |
| (समाजरत्न सम्मान से सम्मानित, चोपड़ा) | चोपड़ा (जलगाँव) महाराष्ट्र |







## वेबसाईट की सामग्री

www.jaintaran.org

### वेबसाईट में निम्नलिखित बिंदुओं से संबंधित जानकारी देने का निर्णय लिया गया है।

- **आचार्य तारण स्वामी परिचय** - श्री गुरु महाराज का जीवन परिचय, विज्ञजनों की दृष्टि में तारण स्वामी और तारण पंथ परिचय।
- **तारण साहित्य परिचय** - अध्यात्मवाणी (चौदह ग्रंथ शुद्ध मूल पाठ) एवं टीका ग्रंथ तथा अन्य साहित्य।
- **तारण तीर्थ दर्शन** - श्री पुष्पावती जी, सेमरखेड़ी जी, सूखा निसई जी, निसई जी, शिखर जी तारण भवन, धर्म स्थल चाँद इन सभी का विस्तृत परिचय एवं फोटो।
- **चैत्यालय दर्शन** - अखिल भारतीय तारण समाज के स्थानों के चैत्यालयों का विस्तृत वर्णन एवं फोटो, स्थानीय धर्मशाला या तारण भवन के फोटो।
- **तारण तरण श्रीसंघ** - श्री गुरु महाराज की परम्परा में प्रारम्भ से अभी तक के समस्त पूज्य साधक जन, संत, साध्वियाँ आदि सभी के फोटो एवं परिचय।
- **तारण समाज दर्शन** - देश-विदेश में निवास कर रहे तारण समाज के समस्त परिवारों की जानकारी, उनके पता, संपर्क फोन नम्बर तथा ई मेल एड्रेस।
- **समर्पित व्यक्तित्व परिचय** - समाज के श्रेष्ठिगण पूर्व से अभी तक जो हुए हैं उन सभी के फोटो और परिचय।
- **स्वतंत्रता संग्राम सेनानी** - समाज के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिचय फोटो सहित।
- **मुक्त महाविद्यालय** - तारण तरण मुक्त महाविद्यालय छिंदवाड़ा से संबंधित पाठ्यक्रम आदि की सम्पूर्ण जानकारी। इससे ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने, परीक्षा देने, पाठ्यक्रम आदि अध्ययन करने की सुविधा रहेगी।
- **ऑडियो क्लिप्स** - तारण समाज के संतजनों, बहिनों एवं विद्वानजनों के प्रवचन (आडियो)।
- **वीडियो क्लिप्स** - तारण समाज के समस्त संतों के प्रवचन तथा वेदी प्रतिष्ठा आदि के प्रभावना पूर्ण महोत्सवों के वीडियो क्लिप्स।
- **परिणय परिचय** - तारण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा फोटो सहित।
- **सामाजिक संस्थायें** - तारण समाज की सभी संस्थाओं के नाम पता एवं संपर्क फोन नम्बर।
- **केलेण्डर** - अप्पा सो परमप्पा, ॐ नम: सिद्धं (वर्णमाला), तिथि दर्पण, जीवन दर्शन।
- **मंदिरविधि (विशेष)** - मंदिरविधि, भजन, आरती, स्तुति आदि।
- **समाचार** - श्री संघ के साधकजनों के भ्रमण का विवरण, समाज के विशेष कार्यक्रमों की सूचना, वेदी प्रतिष्ठाओं की जानकारी तथा अन्य अनेक प्रकार से समाचार समाज नेट के माध्यम से समाज के पास पहुंचाना।

विनम्र अनुरोध - उपरोक्त विषयों में से जिन-जिन विषयों से संबंधित अधिक से अधिक आपके पास जो भी सामग्री (परिचय और फोटो या अन्य कोई जानकारी उपलब्ध) हो या आप इस संबंध में जानकारी प्राप्त करके उपलब्ध करा सकते हैं तो शीघ्र ही उपलब्ध करायें ऐसी अपेक्षा है।

